तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 एनएच की सड़कों से उड़ती धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



## खबर संक्षेप

### कार्रवाई: 24 से अधिक कर्मियों को नोटिस

**बैकुण्ठपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत प्रदेशभर में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में लापरवाही पर अब प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जिले में पुनरीक्षण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताने और कड़ा रुख अपनाने के निर्देशों के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश पटेल ने 24 से अधिक बीएलओ, पटवारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व ऑपरेटरों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। निर्देशों के अनुसार, गणना पत्रक में दर्ज मतदाताओं की जानकारी को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर एक प्रति मतदाता को देना और दूसरी प्रति प्राप्त कर बीएलओ ऐप में अपडेट करना अनिवार्य है। लेकिन कई कर्मियों द्वारा समय पर यह कार्य पूरा न करने के कारण प्रशासन ने कठोर कदम उठाया है। एसडीएम श्री पटेल ने चेतावनी दी एसआईआर में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, फार्म समय पर भरकर उपलब्ध कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहभागी बनें।

### कन्या महाविद्यालय में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप की पहल तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उद्यमशीलता एवं कौशल उन्नयन पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 19 नवंबर को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी की उपस्थिति में आरंभ हुआ था, तब से यह कार्यक्रम छात्राओं के बीच उत्साह और कौतूहल का केन्द्र बना हुआ है। कला गुरू ईश्वरी प्रजापति के निर्देशन में छात्राएं मिट्टी से कुल्हड़, छोटे-बड़े दीये, कलश, गुल्लक आदि तैयार करने की कला सीख रही हैं। कई छात्राओं ने इस कौशल को बारीकी से सीखना शुरू कर दिया है। कोण्डागांव जिले के कलागुरू मनोज बघेल, बंशीलाल पोयाम और इंदल पोयाम के मार्गदर्शन में छात्राएं लोहे से हिरन, घोड़ा, कुत्ता, हाथी सहित अन्य सजावटी आकृतियां बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

### जल जीवन मिशन के निर्माण कार्य का हाल बेहाल

# मधौरा में पानी टंकी और नल बने शो पीस



निर्माणाधीन पानी टंकी।


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में गांव-गांव में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल है। इस योजना के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में करोड़ों रूपए फूंक दिए गए, लेकिन लोगों के हलक सूखे हैं। कोरिया जिले के पंचायतों का आधा-अधूरा कार्य जल जीवन मिशन का पड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों में योजना के तहत लोगों के घर-घर पेयजल पहुंचाना था, इसके लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत किए गए और ठेकेदारों को समय-सीमा में कार्य पूरा करने को कहा गया था, लेकिन निर्धारित समय-सीमा में जिले के ज्यादातर पंचायतों में काम पूरा नहीं हो पाया। वर्तमान तक स्थिति ऐसी है कि जिले के अधिकांश पंचायत क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना से करोड़ों फूंकने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया। विभिन्न कारणों से जिले के पंचायतों में जल जीवन का काम आधा-अधूरा पड़ा हुआ है, ऐसे में ⏭ शेष पेज 4 पर

#### सूचना बोर्ड भी आधा-अधूरा

जल जीवन मिशन का कार्य जिले के विभिन्न पंचायतों में शुरू किया गया है। इस योजन के तहत कई जगहों पर पानी टंकी निर्माण कार्य कराया गया है। जहां पर नागरिक सूचना पटल पर विभिन्न तरह की आवश्यक जानकारी अंकित करना होता है, लेकिन कई जगहों पर निर्माण सूचना पटल पर कार्य प्रारंभ करने की तिथि तो अंकित है, लेकिन कार्य कब पूरा होगा और निर्माण कार्य का हस्तांतरण कब होगा इसका उल्लेख नहीं है। इसी तरह का हाल ग्राम पंचायत मधौरा में भी देखने को मिल जाएगा।




#### टंकी व नल पोस्ट बने हैं शो पीस

जल जीवन मिशन के तहत कोरिया जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में आधा-अधूरा कार्य पड़ा हुआ है। कहीं पूरी तरह से पाइप लाइन का विस्तार भी नहीं हो पाया है, लेकिन लोगों के घरों के सामने नल के पोस्ट लगा दिए गए हैं,जो शोपीस बने हुए हैं। पेयजल सप्लाई नहीं होने से ग्रामीण परिवार नल पोस्ट में मवेशियों को बांधने के काम में ले रहे हैं। इसी तरह जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में विशाल जलागार भी बना हुआ है वह भी शो पीस बना हुआ है।

# तंजरा जलाशय का किसानों को नहीं मिल पा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत



साफ-सफाई करते किसान।

■ नहर पटने से सिंचाई ठप

जिले के विकासखंड के वनांचल ग्राम तंजरा में भारी लागत से निर्मित तंजरा जलाशय किसानों को लाभ नहीं दे पा रहा है।

वर्तमान में गेहूं की बुवाई से लेकर गर्मी के मौसम की धान, एसाग तथा सब्जी फसलों के लिए किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाने से ग्रामीण किसान हताश हैं। ग्राम के किसान रामअवध, महेन्द्र, ऋतिक, शिवप्रसाद, सुमेर सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि लंबे समय से चैनल नहर की सफाई नहीं हुई, जिससे नहर पूरी तरह पट गई है। नहर में झाड़-झंखाड़ उग जाने से जल प्रवाह बंद हो गया है और सिंचाई असंभव हो गई है। किसानों ने बताया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

## पालतू कुत्ते को रंग-रोगन कर बना दिया चीता!

**कोरिया कालरी।** क्षेत्र में हमेशा से जंगली जानवर हाथी ,तेंदुआ, भालू व लकड़बग्घा जैसे जानवरों का दहशत बना रहा है।

बीते कुछ दिनों पूर्व भी चीता का दहशत देखने मिला। सवाल यह है कि मगर क्या इन तेंदुआ,भालू व लकड़बग्घा जैसे जानवरों का असली भय कम पड़ गया था, जो इस पालतू कुत्ता को मनोरंजन के नाम पर रंग कर चीता जैसा रूप बना दिया गया। पोखरी तिराहा के पास अक्सर घूमते रहने वाला यह कुत्ता लोगों में रात के समय डर का माहौल बना देता है। सामने से आते कोई भी इसे अचानक देख ले तो वह भयभीत हो जाता है, भले ही पालन करने वाले का इरादा डर फैलाना नहीं है, मगर ऐसा मनोरंजन तरीके से किसी जानवर को उसके असली स्वरूप को बदल



कर किसी खतरनाक जानवर के रूप में रंगना थोड़ा सा गलत ही है, क्यूंकि रात-दिन इस चालू मार्ग में लोग आते हैं और एकाएक इस कुते को देखकर थोड़ी देर के लिए दिल सहमा लेते हैं, दिखने में भले ही रोचक है मगर वक्त बे वक्त कोई सामने आ जाए तो तय है कि उसकी रूह कांप जाएगी, भले ही आसपास के लोगों के लिए यह एक मनोरंजन का साधन बना हुआ है, मगर बाहरी लोगों के लिए दहशत का रूप है।

## डॉ. अनिल सिन्हा पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**अंबिकापुर।** उच्च शिक्षा संचनालय ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। उच्च शिक्षा आयुक्त के निर्देश पर उन्होंने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। डॉ. सिन्हा ने पीजी कॉलेज से ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है तथा वर्ष 1990 से कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने बताया कि मेरे लिए यह अवसर अत्यंत सम्मानजनक एवं प्रेरणादायक है। संस्था के गौरव को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करूंगा।

# तांबे के केबल चोरी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

चरचा ईस्ट खदान में लगभग 450 मीटर तांबे के बिजली केबल की चोरी के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार पिता रामप्रसाद अगरिया उम्र 19 वर्ष निवासी चेरहापारा चरचा के रूप में हुई है।

न्यायालय ने आरोपी को 26 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने के आदेश दिए हैं। चरचा ईस्ट खदान में बीते 14 अक्टूबर की रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच 56 लेवल पंप के पास रखे लगभग 450 मीटर तांबे के केबल को अज्ञात चोरों ने कटर मशीन से काटकर ले भागे थे। प्रार्थी धरम नारायण राजवाड़े जो उस समय ड्यूटी पर रहे। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाना चरचा में दर्ज कराई थी। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 70-80 हजार रूपए आंकी गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबीर सूचना के




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

आधार पर सबसे पहले संदेही मंगल उर्फ गोलू को पूछताछ के लिए तलब किया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना में शामिल अपने साथियों के नाम बताए। इनमें मोहित बसोर, अयोध्या बसोर, पुरूषोत्तम उर्फ गोला, समीर बसोर, राम कुमार बसोर, बलजीत बसोर, कवीरा बसोर, शमशेर बसोर, विजय बसोर, सुनील पनिका, सुरेश पनिका, सुमन पनिका सहित कई अन्य लोग शामिल थे। इन आरोपियों से पूछताछ में घटना में उपयोग की गई टांगी, डंडा सहित अन्य सामग्री भी जब्त की गई। कई आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमांड पर भेजे जा चुके हैं। अन्य आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने रवि कुमार को पकड़ा।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी किए गए तांबे के केबल में से लगभग 10 मीटर केबल 35.40 किलोग्राम वजन उसने चेरहापारा स्थित नाले में छिपाकर रखा था। पुलिस ने मौके से केबल सहित काटने और छीलने के उपकरण बरामद कर जब्त किया। अपराध साबित होने पर पुलिस ने आरोपी रवि कुमार को 23 नवंबर की दोपहर गिरफ्तार कर उसके परिजन को सूचना दी। मामला अजमानतीय होने से थाना पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे 26 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और सेवा भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ 77 वां एनसीसी दिवस मनाया गया

शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 23 नवंबर को 77 वां एनसीसी दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कैडेट्स द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महापुरूष जगदीश प्रसाद नामदेव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, कोरिया कुमार डॉ. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा तथा मिनी स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक की साफ-सफाई से हुई।

कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव ने एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व एनसीसी अधिकारी यूएस शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका आशीष यादव, श्रीप्रकाश जायसवाल, गीता प्रसाद नेमा, मनीष सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्राचार्य कृपा कल्याणी टोप्पो सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कैडेट आशीष देशभक्ति गीत ,कैडेट राहुल नृत्य, कार्पोरल अनिल कुमार भाषण, सार्जेंट पंकज प्रभाकर गीत, कैडेट अनीष कुमार एवं अमित कुमार देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। संवर्त कुमार रूप ने नेपोलियन और राजाराम मोहन राय के उदाहरण देकर कैडेट्स को राष्टभक्ति के लिए प्रेरित किया। मंचस्थ अतिथियों को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. ताहिर ने तथा आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल ने किया। समापन एनसीसी गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वजीत मित्रा, प्रभात मिश्र, नाजिमा खातून, मधु त्रिपाठी, साजिदा खातून, कल्पना जायसवाल, सविता खलखो, उदय लकड़ा, ममता ओझा, समेत अनेक शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।




#### अतिथियों ने बताए एनसीसी का महत्व

पार्षद मनीष सिंह ने अपने कैडेट जीवन के प्रेरक अनुभव साझा किए। उत्तम कश्यप ने अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पालन करने की सीख दी। वरिष्ठ व्यापारी श्रीप्रकाश जायसवाल ने अनुशासन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा ने अपनी स्वरचित रचना प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष आशीष यादव ने एनसीसी के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्राचार्य यूएस शुक्ला ने विद्यालय की एनसीसी टुकड़ी की उपलब्धियों की सराहना की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### जिला प्रशासन के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# अवैध परिवहन करते 50 क्विंटल धान जब्त



जब्त धान।





कार्रवाई करती टीम।

**बैकुंठपुर।** जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन और खाद्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी में जुटी हुई हैं। इसी सतर्कता का परिणाम है कि अवैध रूप से धान खपाने और परिवहन करने की कोशिश में लगे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने बाजारपारा बैकुंठपुर स्थित आयुष शिवहरे ट्रेडर्स से ⏭ शेष पेज 4 पर

#### किसान ने बेचा 40 क्विंटल धान इन्ट्री हो गई 47.60 क्विंटल

जिले के धान खरीदी केन्द्र सलबा में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। किसान भैयालाल पाल पिता रामप्रसाद ने बताया कि उसने 21 नवंबर को कुल 100 बोरी धान बिक्री के लिए केन्द्र में दिया था। इन 100 बोरियों का वास्तविक वजन लगभग 40.00 क्विंटल होता है, लेकिन अधिकारियों ने रिकॉर्ड में इसका वजन 47.60 क्विंटल दर्ज कर दिया। किसान के अनुसार यह इंद्राज स्पष्ट रूप से भारी लापरवाही और शासकीय प्रक्रिया में गंभीर कमी को दशार्ता है। जानकारों का कहना है कि धान खरीदी में वजन बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज करना आगे चलकर समिति में नियुक्त मूल कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। सूत्रों के अनुसार जिले की कई अन्य समितियों में भी बारदाना वितरण को लेकर अनियमितताओं और फर्जीवाड़े की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इस पर जिला प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरुरत है।




## संजय और महिमा की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म का पोस्टर पहले जारी हो गया था। अब निर्माताओं ने नया पोस्ट जारी करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख बताई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धांत राज ने संभाली है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' के पोस्टर ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मोशन पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिमा दुल्हन के अवतार में हैं। वहीं संजय वरमाला लिए उनकी ओर देखते नजर आ रहे हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अगले महीने 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रुख करने के लिए तैयार है।

लाइफ Style

# दीपिका

## बनी थीं पहली ग्लोबल एंबेसेडर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका पादुकोण सच में एक ग्लोबल आइकन हैं। जिस तरह वो भारतीय सिनेमा को इतनी शान और आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में लेकर गई हैं, वो कमाल है। उनकी अपनी अलग स्टाइल, जबरदस्त परफॉर्मेंस और उनकी नैचुरल करिश्मा ने उन्हें दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला चेहरा बना दिया है।

फिल्मों से लेकर बिज़नेस तक, मेट गाला से लेकर फीफा वर्ल्ड कप तक, और यहां तक कि ऑस्कर तक दीपिका लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन करती रही हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर, जिसने कई और लोगों को दुनिया भर में चमकने का रास्ता दिखाया, दीपिका ने अपने सफर में बहुत लंबा रास्ता तय किया है। आज वह गर्व के साथ 'ग्लोबल इंडियन' कहलाती हैं और इसे वह अपनी नहीं बल्कि हम सबकी जीत मानती हैं। दीपिका, जो एक तरह से शुरुआत करने वाली रहीं, उन्होंने दुनिया भर के बड़े-बड़े लग्ज़री ब्रांड्स में भारत की बढ़ती पहचान को आगे बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। वह पहली भारतीय थीं जिन्हें दुनिया के मशहूर और महंगे फैशन ब्रांड्स लुई वुइटन और कार्टियर ने अपना चेहरा बनाया। इसी से उन्होंने भारत की बढ़ती पहचान के लिए रास्ता तैयार किया और आने वाले सालों में बाकी भारतीय सितारों के लिए भी ये दरवाज़ा खोल दिया, ताकि वे भी इस नई लहर का हिस्सा बन सकें। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि "एक एक्टर और बिज़नेसवुमन के तौर पर आपने सच में भारत को दुनिया के बड़े मंच तक पहुँचाया है।



हॉलीवुड मसाला



## मिस यूनिवर्स के खिताब से चूकीं मनिका

**लॉस एंजिल्स।** थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इसमें मैक्सिको की मॉडल फातिमा बॉश ने जीत दर्ज की। पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों के साथ भारत की मनिका विश्वकर्मा ने भी हिस्सा लिया। उनका ताल्लुक राजस्थान से है। इस बार मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पेजेंट के टॉप 12 पार्टिसिपेंट्स में जगह नहीं बना सकीं। मनिका विश्वकर्मा की मिस यूनिवर्स के लिए दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। उन्होंने पेजेंट में टॉप 30 में जगह बना ली थी। हालांकि टॉप 12 में वह जगह नहीं बना सकीं।




## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस...

**मुंबई।** अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया।



## 'भाभीजी घर पर हैं' करेगी धमाका

**मुंबई।** टीवी का चर्चित कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अभिनेता आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और रोहिताश गौड़ अभिनीत यह शो करीब एक दशक से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा है। काफी समय पहले ऐलान किया गया था कि निर्माता इस शो पर फिल्म बना रहे हैं, जिसे जानने के बाद लोग उतावले थे। आखिरकार 'भाबीजी घर पर हैं-फन ऑन दा रन' की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक और पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'भाभीजी जो अब तक घर पर थीं, अब बड़े पर्दे पर आएंगी।' पोस्टर में शुभांगी (अंगूरी भाभी) विदिशा शर्मा (अनीता भाभी) और को दुल्हन की पोशाक में हैं। एक अन्य पोस्टर में दोनों के अलावा आसिफ और रोहिताश भी अस्त-व्यस्त हालात में दिख रहे हैं।



## अनीत संग ऐसा-वैसा कुछ भी नहीं...

**मुंबई।** सैयारा' फिल्म से रातों-रात चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे इंटरनेट के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी बन चुके हैं। काम से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी लोगों का ध्यान खींचती रहती है। ददरअसल, सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि अभिनेता अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने अहान और अनीत के रिश्ते की अफवाह को फिर से हवा दे दी। अब 'सैयारा' अभिनेता ने खुद ही सच बता दिया है। अहान ने हालिया इंटरव्यू में, 'सैयारा' अभिनेत्री संग उन्हें जोड़ने वाली अफवाहों को खारिज किया है। एक बातचीत में उन्होंने अनीत को सिर्फ अच्छा दोस्त बताया है। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस 19' के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए खुलासे...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं।

***किचन में लिफ्ट वाला दावा :*** 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं।

***फैक्टरीज के सवाल का दिया जवाब :*** इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार का कामकाज पूरी तरह पारदर्शी है और तान्या ने जो कुछ बताया, वह किसी भ्रम या दिखावे के लिए नहीं था, बल्कि उनके वास्तविक अनुभवों पर आधारित था।

## रुबीना के पति अभिनव के साथ हुआ धोखा

**नई दिल्ली।** टीवी की चर्चित जोड़ी रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हाल ही में टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' के विजेता बने थे। दोनों की जीत का जश्न अभी थमा नहीं था कि अभिनेता ने चौंकाने वाली खबर सुना दी है। अभिनव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने प्रशंसकों को जागरुक करने की कोशिश भी करते दिखे। अभिनव ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में पता चला कि उनके पैन कार्ड से धोखाधड़ी के जरिए 5-6 लोगों ने कई लोन ले रखे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह वीडियो इसलिए जारी कर रहे हैं, ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो सके।



## फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट कार्ड, 2 हुईं बुरी तरह फ्लॉप

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फरहान जोर-शोर से इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। समीक्षकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा?



**'द स्काई इज पिंक'** : फरहान को आखिरी बार सिनेमाघरों में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में वो प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क लड़ाते नजर आए थे। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफ मिली थी।समीक्षकों से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन 24 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म भारत में बस 20 करोड़ रुपये कमा पाई थी। 'स्काई इज पिंक' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।


**'लखनऊ सेंट्रल'** : साल 2017 में फरहान 'लखनऊ सेंट्रल' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मुरादाबाद में रहने वाले किशन मोहन गिरहोत्रा (फरहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था, वहीं समीक्षकों से भी इसे हरी झंडी नहीं मिली। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 11 करोड़ कमाने में भी पसीने छूट गए थे। बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

**'रॉक ऑन 2'**: साल 2016 में रिलीज हुई फरहान की 'रॉक ऑन 2' को काफी उम्मीदों के साथ बनाया गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू नहीं चला पाई। नोटबंदी के समय रिलीज होने की वजह से दर्शक सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाए और फिल्म की कमाई बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा कहानी और गाने भी 'रॉक ऑन' का मुकाबला न कर पाए। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी ये फिल्म बस 10 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।

**'वजीर' और 'दिल धड़कने दो'**: अमिताभ बच्चन के साथ आई फरहान की 'वजीर' ने 35 करोड़ की लागत में 41 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत रहा। ये फिलम अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी लिव पर है। उधर 'दिल धड़कने दो' में फरहान ने एक्टिंग भी की। वो फिल्म के डायलॉग राइटर और निर्माता भी थे। रणवीर सिंह भी इसमें अहम भूमिका में थे।

## 'सूर्या 47': पुलिसवाले बनकर 8 साल बाद पर्दे पर लौटेंगे सूर्या, एक्शन से भरपूर होगी फिल्म

**मुंबई।** दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या पुलिसवाले बनकर फिर पर्दे पर धमाल मचाएंगे। उनकी नई फिल्म 'सूर्या 47' से जुड़ी जानकारी लोगों को उत्साहित करने आ गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जीतू माधवन संभाल रहे हैं। दोनों साथ मिलकर एक्शन, कॉप फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिसकी शूटिंग दिसंबर, 2025 में शुरू हो सकती है। पुलिस अधिकारी के किरदार में सूर्या को 'सिंघम 3' में देखा गया था। यह फिल्म 8 साल पहले 2017 में रिलीज हुई थी।



### 'सूर्या 47' में ये अभिनेत्री आ सकती है नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी नाम वाली 'सूर्या 47' में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नाजरिया नाजिम फहाद नजर आ सकती हैं। उन्हें सोनी लिव की हालिया वेब सीरीज 'द मद्रास मिस्ट्री' में देखा गया है। पहले चर्चा थी कि सूर्या और नाजरिया फिल्म 'पुरानानूरु' में काम करेंगे, लेकिन अब यह परियोजना रद्द हो गई है। सूर्या के काम की बात करें, तो अभिनेता को आखिरी बार फिल्म 'रेट्रो' में देखा गया था। यह फिल्म मई, 2025 में रिलीज हुई थी।

### केरल में फिल्मांकन शुरू होने की संभावना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्या 47' की शूटिंग 8 दिसंबर, 2025 से शुरू हो सकती है। टीम द्वारा अन्य जगहों पर जाने से पहले, फिल्मांकन केरल में शुरू होने की संभावना है। हालांकि ये अपडेट अटकलें हैं, क्योंकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। यह बात अलग है, कि अगर अफवाहें सच हुईं तो सूर्या और जीतू की जोड़ी दोबारा साथ करेगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सोरारई पोटरु स्टार' और 'आवेशम' में काम कर चुके हैं।

## शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी

# ऑस्कर 2026 में बड़ा बदलाव, मिलेगा ये खास पुरस्कार; कौन होगा जीत का हकदार?

### कास्टिंग करने वालों को भी मिलेगा पुरस्कार

20 साल से ज्यादा समय के बाद ऑस्कर में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है। इस नई श्रेणी का पुरस्कार कास्टिंग के लिए होगा। कास्टिंग अवॉर्ड का मतलब है कि उस फिल्म के लिए सबसे अच्छे अभिनेताओं और कलाकारों को चुनने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार उन लोगों की मेहनत को पहचानता है, जो फिल्म के लिए सही कलाकारों का चुनाव करते हैं। इस श्रेणी के आने के बाद अब ऑस्कर में कुल 24 पुरस्कार होंगे।

*लॉस एंजिल्स। फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर का इंतजार दुनियाभर के सिनेप्रेमियों को है। ऑस्कर 2026 से जुड़ी आए दिन रोचक जानकारियां सामने आ रही हैं और अब इस पर ऐसा धमाकेदार अपडेट आया है, जिससे इस*




*प्रतिष्ठित समारोह का इंतजार कर रहे प्रशंसक और बेसब्र हो जाएंगे। दरअसल, ऑस्कर 2026 अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। 20 साल से अधिक समय के बाद पहली बार अकादमी अवॉर्ड्स में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।*

### कास्टिंग निर्देशक चुनेंगे ऑस्कर की टॉप 10 फिल्में

फिल्मों के लिए सही कलाकार चुनने वाले कास्टिंग निर्देशक ही तय करेंगे कि कौन-सी फिल्में इस पुरस्कार के लिए आगे बढ़ेंगी। ये लोग सबसे पहले 10 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गाने, डॉक्यूमेंट्री, साउंड, विजुअल इफेक्ट्स, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और शॉर्ट फिल्म्स जैसी कुछ और श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए किया जाता रहा है। शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी और फिर 22 जनवरी को नामांकन पाने वाली फिल्मों के नाम सामने आएंगे।

### ऑस्कर 2026 भारत में कब और कहां देख सकेंगे?

ऑस्कर 2026 का मजा दोगुना करेंगे मशहूर कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन, जो खुद भी इस समारोह की मेजबानी करने की पुष्टि कर चुके हैं। ऑस्कर का आयोजन सोमवार, 16 मार्च 2026 को होगा। भारत में इस समारोह को सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा भारत की तरफ से करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है।

### *साल 2001 के बाद से अब जुड़ी ऑस्कर में एक नई श्रेणी*

*अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने साल 2001 के बाद से अब तक कोई नई श्रेणी नहीं जोड़ी थी। 2001 में आखिरी बार बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म नाम से नई श्रेणी बनाई गई थी। अब इतने सालों बाद पहली बार कोई नई श्रेणी कास्टिंग अवॉर्ड जुड़ी है। इससे न केवल कास्टिंग निर्देशकों की मेहनत को मान्यता मिलेगी, बल्कि यह दर्शाता है कि ऑस्कर समय के साथ बदल रहा है और इंडस्ट्री के हर पहलू को सम्मान दे रहा है।*

## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठकों को सेमिनार में दी गई जानकारी



सीतापुर। विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रधान पाठक सेमिनार का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेमीनार में डीईओ दिनेश कुमार झा, जिला मिशन समन्वयक सर्वजीत पाठक, बीईओ इंदु तिर्की, एबीईओ अनिल मिश्रा, विकासखंड श्रोत समन्वयक रमेश सिंह, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा प्राथमिक विद्यालयों के सभी प्रधान पाठकों ने सहभागिता की। सेमिनार में ब्लॉक के 13 चयनित प्रधान पाठकों ने अपने विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारी शैक्षिक कार्यों और प्रभावी प्रोजेक्ट्स को प्रस्तुत किया। इन प्रोजेक्ट्स में पुस्तकालय निर्माण एवं उपयोग, प्रिंट-रिच वातावरण का निर्माण, सुबह की प्रार्थना सभा में नवाचार, रचनात्मक लेखन, तथा बाल-केंद्रित गतिविधियां जैसी महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल प्रमुख रहे। बच्चों की मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति में सुधार, सीखने के स्तर में वृद्धि और विद्यालय के वातावरण में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किए गए। विद्यालय अधिक जीवंत, सक्रिय और सीखने-केंद्रित बने हैं। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से ज्ञान विकास, यजत, राकेश और नेहा ने प्रोजेक्ट कार्य में प्रधान पाठकों को सतत सहयोग प्रदान किया।

### फुटपाथ पर सोने वालों को किया गया कम्बल का वितरण



अंबिकापुर। कडाके की ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने वालों की मदद के लिए युवा पार्षद ने मुहिम चलाया है। पार्षद द्वारा फुटपाथ किनारे रहने वालों को गर्म कपड़े, कम्बल के वितरण का कार्य किया जा रहा है। विगत वर्षों की तरह ही इस बार भी पार्षद शुभम जायसवाल द्वारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मदद की शुरुआत की गई है। पार्षद व उनकी टीम द्वारा शहर के फुटपाथ में रहने वाले लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े, कम्बल आदि का वितरण किया गया। पार्षद ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से जरुरतमंदों के लिए ठंड के समय इस तरह का प्रयास करते है। इस दौरान राहुल सोनी, अतुल ताम्रेकर, रवि सिंह, वंश, साहिल, अभिजीत, अनिकेत, अभिज्ञ, निखिल सिंह, समीर, सुशील, पीयूष आदि उपस्थित रहे।

### टेंडर होने के बाद भी मरम्मत कार्य में हो रही लेटलतीफी

# एनएच की सड़कों से उड़ती धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कुछ क्षेत्रों में ही हो सका मरम्मत का कार्य, शेष में अभी इंतजार

डामरीकरण और पैच रिपेयरिंग का काम शुरू होने के बाद भी लोगों को गड्ढों और धूल से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़कों की हालत बेहद खराब है और अब सड़क के गड्ढों के साथ ही उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। टेंडर होने और काम शुरू होने के बाद भी धूल भरी सड़क से मुक्ति नहीं मिलने से नगरवासियों में रोष का माहौल है। इधर अधिकारी जल्द ही पैच रिपेयरिंग का काम पूर्ण होने की बात कह रहे है।



एनएच पर उड़ती धूल।

बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क एनएच के अधीन है। शहर के एमजी रोड से लेकर गांधी चौक, घड़ी चौक, देवीगंज रोड़, संगम चौक, महामाया चौक से सदर रोड, अग्रसेन चौक, होते हुए दरिमा रोड तक की सड़क एनएच 43 के अधीन आती है और इस सड़क की स्थिति बेहद ही जर्जर हो चुकी है। शहर के मुख्य व्यावसायिक मार्ग की सड़क के जर्जर होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण बारिश के समय लोग दुर्घटना के शिकार हुए जबकि अब गड्ढे और उड़ती धूल के कारण परेशानी और भी बढ़ गई है। एनएच विभाग द्वारा सड़कों के मरम्मत और पैच रिपेयरिंग हेतु टेंडर करने के बाद 8 करोड़ रुपए की लागत से काम शुरू कराया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि एनएच विभाग विभाग द्वारा पीजी कॉलेज के सामने से लेकर घड़ी चौक तक जबकि भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच पैच रिपेयरिंग और गड्ढों को भरने का काम ही किया गया। शेष शहर के बीच और ज्यादा खराब क्षेत्रों में स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है। गड्ढों के साथ ही उड़ती धूल के कारण लोगों में खासा आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा मरम्मत और गड्ढों को भरने के काम में भी लापरवाही की जा रही है और ठेकेदार की मनमानी के कारण ही इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। विदित हो कि एनएच द्वारा 8 करोड़ रुपए की लागत से गड्ढों को भरने का टेंडर किया गया है। इसमें शहरी क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से मरम्मत का काम होना है जबकि शेष राशि सिलफिली, सीतापुर, पत्थलगांव, कुनकुरी क्षेत्र में भी पैच रिपेयरिंग के लिए उपयोग की जानी है।

**चल रहा है निर्माण**

पैच रिपेयरिंग का काम चल रहा है। जल्द ही सभी गड्ढों को भरने और सड़कों के मरम्मत का काम पूर्ण कर लिया जाएगा। इस संबंध में ठेकेदारों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए है।

-आरडी ताम्ब्रे
ईई एनएच

# भारत स्काउट एवं गाइड्स शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भारत स्काउट एवं गाइड्स छग के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन पांडे के आदेश अनुसार मनेन्द्रगढ़ के दीपक पूर्व माध्यमिक शाला आमाखेरवा एवं सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल झगराखांड में संयुक्त रूप से 17 से 21 नवंबर तक स्काउट गाइड एवं कब/बुलबुल का शिविर लगाया गया।

शिविर में 106 स्काउट, 128 गाइड, 56 कब एवं 60 बुलबुल कुल 350 बच्चे उपस्थित रहे। इन छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए दान बहादुर,अशोक कुमार साहू, जितेन्द्र सिंह , संतोष यादव, राजेन्द्र मिश्रा, अविनाश ठाकुर, अजय कुमार, गेंदलाल ग्वाल ,कर्मेन्द्र साहू, संदीप तिर्की, सोनम कश्यप, रीता राय, शीला कुशवाहा एवं सुशीला इक्का ने कुशलता पूर्वक किया। शिविर में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग के अंतर्गत प्रार्थना, नियम, झंडा गीत, क्लिपिंग, निनाद के अलावा उन्हें विभिन्न प्रकार की रस्सी की गांठे हैं। लेंसिंग गैजेट्स, पायनियरिंग, प्राथमिक उपचार, स्टेचर निर्माण पट्टी बंधन व दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली विधाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समापन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामजीत भगत, जनपद सदस्य सीता देवी आयाम, सांसद प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रेमलाल सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, संस्था के प्राचार्य सिस्टर मधु खेस, वीरांगना श्रीवास्तव सहित संबंधित संस्था के प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक साहू, राजेन्द्र मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन दान बहादुर द्वारा किया गया।

# डोमनापारा में योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



योग के क्षेत्र में प्रतिमाओं को राष्टीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एमसीबी योग सेवा समिति की जिला इकाई के द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला डोमनापारा में योग और प्राणायाम पर चर्चा एवं प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, छग योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के युवा योग प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

विभिन्न शैक्षिक एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अग्रणीय संस्था पूर्व माध्यमिक शाला डोमनापारा के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक सुरेन्द्र यादव, नीलम कुसुम कुजूर, अनु सिंह, प्रतिभा नागर , प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ऐलोस मुक्ता खलखो विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपनी संगीतमयी योग की प्रस्तुति में विवेक कुमार तिवारी ने सेतुबंधआसन, पवनमुक्तासन एवं पादाअंगुष्ठ नासिका स्पर्शासन शीर्षासन जैसे कठिन योग का प्रदर्शन कुशलता पूर्वक मंच पर किया। कार्यक्रम के संचालक सतीश उपाध्याय ने प्राणायाम के विभिन्न विधियों एवं इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष योग के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्रों का चिन्हांकित करके,उनको राष्टीय स्तर पर मंच प्रदान किया जाता है एवं बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर उनका उत्साह वर्धन किया जाता है। जिले के योग के क्षेत्र में स्वर्ण पदक विजेता योग प्रशिक्षक विवेक तिवारी ने स्कूली बच्चों से योग में रुचि लेने की पुरजोर अपील की। योग पर चर्चा एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित योग प्रशिक्षकों का आभार प्रदर्शन प्रतिभा नागर, सुरेन्द्र यादव, कुसुम कुजूर, मुक्ता खलखो ने किया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 112 मरीजों का उपचार



**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना के अंतर्गत खजुराहिल स्कूल ग्राम काटकोना में विनायका हेल्थ केयर क्लिनिक के संचालक डॉ. रितेश कुशवाहा,श्री क्लीनिक के संचालक डॉ. शाश्वती संतरा, लक्ष्मी डेंटल क्लीनिक एवं डायग्नोसिस सेंटर के संचालक डॉ. शिवानी, सृजन अग्रवाल एवं डॉ. निष्ठा अग्रवाल व सरपंच काटकोना के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 112 मरीजों का उपचार एवं दवा वितरण किया गया। इसमें सर्दी, खांसी मौसमी बुखार के अलावा अस्थमा, गठिया, जोड़ों का दर्द, शुगर ,ब्लड प्रेशर, पथरी, चर्म रोग, पाइल्स, ल्यूकोरिया, गर्भाशय से संबंधित बीमारियों, दांतों की सड़न, मसूड़े में सूजन, पायरिया एवं मुख्य संबंधित बीमारियों का उपचार किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के अनुरूप साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। यौन संक्रमण से बचने के संबंध में शराब, धूम्रपान, गुटका तंबाकू व अन्य नशा न करने की सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में कटकोना सरपंच, नर्स स्वाति कुशवाहा, फार्मासिस्ट रोहित साहू, लैब टेक्नीशियन दीपक कुशवाहा सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# बोर्ड परीक्षा तैयारी के लिए 1.83 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और बोर्ड परीक्षार्थियों को उन्नत तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नवाचारपूर्ण कामयाबी प्रोजेक्ट को नीति आयोग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। कलेक्टर द्वारा नीति आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए इस विस्तृत प्रस्ताव को उच्च स्तरीय समिति ने सराहा और इसे आकांक्षी जिलों में शिक्षा सुधार का प्रभावी मॉडल माना। परियोजना के तहत 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए 1 लाख 83 हजार रूपए की विशेष शैक्षणिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी दौरान नीति आयोग ने आदेश भी जारी किया है, जिसके अंतर्गत अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक आउटसोर्स आधार पर तैनात एस्पिरनेशल ब्लॉक फेलो के मानदेय के लिए राशि जारी करने की अनुमति प्रदान की गई है। शिक्षा में तकनीक का नया अध्याय कामयाबी प्रोजेक्ट के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को अधिक आधुनिक, रोचक और प्रभावी बनाने के लिए वर्चुअल रियलिटी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा, जिससे कठिन विषयों और अवधारणाओं को विद्यार्थियों को सरल भाषा और दृश्य माध्यम से समझाया जा सकेगा। कक्षाओं के बाद निरंतर सीखने की सुविधा उपलब्ध कराने कराने के लिए जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में वन पाठशाला स्थापित की जाएगी। यहां विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, डिजिटल कंटेंट और डाउट-क्लियरिंग सत्रों का लाभ ले सकेंगे। परियोजना का उद्देश्य केवल परीक्षाओं में सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि कांसेप्ट बेस्ड लर्निंग, दीर्घकालिक ज्ञान निर्माण, समग्र शैक्षणिक वातावरण का निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे आने वाले समय में गांव को एक एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जा सके।

# नगर पंचायत में मतदाता सूची परीक्षण का कार्य जोरों पर



**प्रतापपुर।** मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण के तहत विधानसभा प्रतापपुर के नगर पंचायत में युद्ध स्तर पर मतदाता सूची परीक्षण का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। शासन द्वारा नियुक्त बीएलओ व भाजपा द्वारा नियुक्त बीएलए 2 द्वारा प्रत्येक वार्ड में उपस्थित मतदाताओं का फ्रॉम घर मोहल्ले घूम घूम कर भरवाया जा रहा है, वही लोगों को असुविधा न हो जिसे लेकर भाजपा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व जिला आईटीसेल सहसंयोजक विक्रम नामदेव व सदस्य अजय सिंह, आर्यन दुबे आदि उपिस्थत रहे।

# किसानों को नि:शुल्क चना का बीज वितरण



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर 22 नवंबर को निःशुल्क चना, सरसों बीज का वितरण किया गया। उक्त आयोजन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैकुंठपुर द्वारा किया गया। इसमें कृषि विभाग के खाद्य एवं पोषण सुरक्षा धान-चना योजना अंतर्गत चना बीज का वितरण किया गया। बैकुंठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर सरपंच पितांबर सिंह के उपस्थिति में वितरण किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर खाद एवं पोषण सुरक्षा धान-चना योजना के तहत वितरण क्षेत्र अमहर, पसला, शिवपुर से आए किसानों को चना, सरसों बीज का वितरण किया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती वंदना सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टीएस परस्ते, कुलदीप कुशवाहा उपस्थित रहे।

# चेन्नई में शहर के एसआईपी अबेकस के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** चेन्नई में आयोजित एसआईपी अबेकस इंटरनेशनल प्रोडिजी में शहर के एसआईपी अबेकस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और शहर सहित प्रदेश का मान बढ़ाया है। वैश्विक प्रतियोगिता में कुल 5700 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 11 देशों के प्रतिभागी शामिल थे। बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर शहर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख नवनीत विश्वकर्मा ने बताया कि संस्था के होनहार छात्र जोहसन पोल मिंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा केंद्र के सनिध्या गुप्ता,शुभांगी दुबे, इलवीन कुजूर ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और मजबूत मानसिक कौशल को दर्शाती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मधौरा में पानी...

समय पर जल जीवन का काम पूरा नहीं होने पर इस योजना के तहत कार्य पूरा करने के लिए केन्द्र ने समय-सीमा बढ़ा दी है, बावजूद इसके अधूरे कार्यो को समय पर पूरा करने का कार्य बंद पडे हुए हैं, इसके चलते जिले के ज्यादातर पंचायत क्षेत्रों में योजना का जल लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

**कछुआ की चाल से निर्माण कार्य-** कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मधौरा में भी जल जीवन मिशन की कहानी भी इसी तरह है। ग्राम पंचायत मधौरा में प्राथमिक विद्यालय के निकट लाखों का पानी टंकी का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हुआ। निर्माण स्थल पर लगे बोर्ड में पानी टंकी निर्माण के लिए कार्य प्रारंभ तिथि 15 जून 2022 अंकित है, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। बीते तीन सालों में पानी टंकी का सिर्फ स्ट्रक्चर ही खड़ा हो पाया है। इसी से पता चलता है कि कोरिया जिले में जल जीवन मिशन योजना का काम कछुआ की चाल से चल रही है।

### तंजरा जलाशय का...

मजबूरी में गेहूं की खेती के लिए वे स्वयं समय निकालकर नहर के किनारों पर उगी घांस, झाड़ी और झुनझुटिया की सफाई कर रहे हैं, ताकि थोड़ी बहुत सिंचाई हो सके। किसानों ने बताया कि जलाशय का चैनल नहर अधूरा बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद विभाग द्वारा हर साल उनसे लगान वसूला जा रहा है। नहर की मरम्मत न होने पर जब किसान शिकायत करते हैं तो विभागीय कर्मचारी रूपए वापस हो गया कहकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त मान लेते हैं। ग्रामीण किसानों ने जल संसाधन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द चैनल नहर की सफाई, मिट्टी व झाड़-झंखाड़ हटाकर सिंचाई सुविधा बहाल की जाए, ताकि वनांचल क्षेत्र के किसानों को उनकी फसलों के लिए पानी मिल सके।

### अवैध धान परिवहन...

35 क्विंटल धान जब्त किया। व्यापारी के पास परिवहन एवं भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, जिसके कारण मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार जय भोले ट्रेडर्स, बाजारपारा बैकुंठपुर में भी जांच के दौरान 15 क्विंटल धान अवैध रूप से पाए जाने पर खाद्य विभाग ने जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगरानी और सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों ने किया श्रमदान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में बैकुंठपुर विकासखंड़ के ग्राम पंचायत पोटेडांड आश्रित ग्राम माटीझरिया एवं ग्राम पंचायत डोहड़ा आश्रित ग्राम टेंगनी में नाला बंधान का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान में कलेक्टर के साथ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण सहित ग्रामीणों ने श्रमदान किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने ग्राम माटीझरिया में जल संरक्षण के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति समूह का निर्माण किया साथ ही किसानों को 5 प्रतिशत मॉडल को अपनाने का आह्वान भी किया। सुबह 8 बजे शुरू हुआ जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी में जल ही जीवन है जैसे प्रेरक ध्येय वाक्यों के साथ पूरे उत्साह से संपन्न हुआ। नाले में बोरी बंधान कार्य से न केवल बहते पानी को रोका गया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों की भागीदारी और अधिकारियों का समर्पण यह साबित करता है कि जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा में सामूहिक प्रयास कितने महत्वपूर्ण हैं। यह पहल न केवल आज की जरूरत है।

### प्रतापगढ़ में कर रहे भंडारित, रात के अंधेरे में होती है तस्करी

# प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा रेत का उत्खनन और भंडारण

हरिभूमि न्यूज : सीतापुर

एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में रेत का अवैध खनन एवं भंडारण भारी पैमाने पर धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत कारोबारी बिना अनुमति के नदी से रेत की उत्खनन के साथ ही भंडारण कर रहे है। जहां से हाइवा एवं टिपर में रेत भरकर उसे रात के अंधेरे में खपाया जा रहा है।



ऐसा नही है कि धड़ल्ले से चल रहे है रेत के इस अवैध कारोबार की भनक प्रशासन एवं खनिज विभाग को नही है लेकिन अधिकारी इस सम्बंध में जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई के बजाए चुप्पी साधे बैठे है और खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद है। बता दें कि एनजीटी द्वारा विगत 10 जून से नदी नालों से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध के दौरान नदी नालों से रेत का खनन एवं परिवहन करना आपराधिक कृत्य माना जाता है इसके बाद भी ग्राम प्रतापगढ़ मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं भंडारण भारी पैमाने पर धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत कारोबारी प्रतिबंध के बाद भी बिना अनुमति मांड नदी से रेत का खनन एवं भंडारण कर रहे है। उक्त भंडारण ग्राम प्रतापगढ़ के बाजारडांड में किया जा रहा है जिसके लिए खनिज विभाग से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई है जबकि रेत खनन के दौरान भंडारण हेतु जिस जगह का निर्धारण किया जाता है उसके लिए तय मापदंड के आधार पर खनिज विभाग द्वारा अनुमति प्रदान करती है। भंडारण के बाद देर रात जेसीबी मशीन द्वारा टिपर वाहनों में रेत भरकर उसे बाहर खपाया जा रहा है। इस दौरान रेत भरी हाइवा एवं टिपर वाहन को त्रिपाल से ढंक दिया जाता है ताकि उस पर किसी की नजर न पड़े प्रतापगढ़ में खुलेआम चल रहे अवैध रेत के इस अवैध कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि प्रतिबंध के बाद भी जिस तरह मांड नदी से रेत का खनन किया जा रहा है उससे क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मांड नदी के बेतरतीब दोहन से नदी में जगह जगह खतरनाक और जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है। जिसकी वजह से बारिश के दिनों में जानलेवा हादसे का खतरा बना रहता है। बीते साल प्रतापगढ़ के मांड नदी में ऐसा एक हादसा हो चुका है जिसमे रेत खनन के लिए खोदे गए गड्ढे में एक बालक की डूबने से मौत हो गई थी। लोगों ने प्रतापगढ़ के मांड नदी में चल रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि खनिज विभाग यह सब जानते हुए भी इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नही कर रही है। अधिकारी केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रेत ढुलाई करने वाले गरीब ट्रैक्टर मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करके वाहवाही करा रहे है जबकि बड़े रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे है।

